# निशाने में शीर्ष पर नीरू

## आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में जीता स्वर्ण पदक



**खेल प्रतिनिधि**

**भोपाल, 11 जुलाई. इटली के लोनाटो में चल रहे आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शॉटगन में मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी की नीरू ढांडा ने स्वर्ण पदक जीतकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई है. अकादमी की एक अन्य निशानेबाज मनीषा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष-10 में जगह बनाई.**

यह प्रतियोगिता 3 से 13 जुलाई तक आयोजित की जा रही है. दुनिया के कई देशों के शीर्ष निशानेबाजों के बीच हुए मुकाबले में नीरू ने पूरे प्रतियोगिता के दौरान लगातार सटीक निशाने लगाए और स्वर्ण पदक अपने नाम किया. दूसरी ओर मनीषा पदक से भले चूक गईं, लेकिन शीर्ष-10 में पहुंचकर उन्होंने भी दमदार प्रदर्शन किया. आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शॉटगन को शूटिंग की सबसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में गिना जाता है. ऐसे मंच पर मध्यप्रदेश की दो खिलाड़ियों का प्रभावशाली प्रदर्शन प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है. खेल विशेषज्ञों का मानना है कि यह प्रदर्शन आने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए भी खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाएगा.

# मुनिश्री निर्णय सागर महाराज ससंघ की अगवानी



**नवभारत न्यूज**

**भोपाल, 11 जुलाई.** मुनि निर्णय सागर महाराज ससंघ का आगमन राजधानी में हुआ. उन्होंने बैरागढ़ मंदिर में जिन प्रतिमाओं की वंदना की. इस दौरान श्रद्धालुओं ने मुनिश्री की अगवानी की. मुनि निर्णय सागर महाराज ने कहा वर्तमान में जीवन समस्याओं और परेशानियों में इतना घिर चुका है कि आज का इंसान स्वयं को ही नहीं पहचान पा रहा है. ऐसे में संयमित जीवन और विनम्रता शिष्टाचार और सरलता जीवन जीने का आधार हो सकता है.

## केसर, रक्त चंदन से होगा बटेश्वर का रुद्राभिषेक

**भोपाल, 11 जुलाई (निज संवाददाता).** श्री बड़वाले महादेव मंदिर में रविवार 12 जुलाई को रवि प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर का विशेष रुद्राभिषेक और श्रृंगार किया जाएगा. मंदिर समिति के अनुसार इस दौरान भक्तों के आरोग्य और दीर्घायु की कामना की जाएगी. रात्रि 9 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा. इसके बाद विभिन्न फूलों से भगवान का आकर्षक श्रृंगार कर महाआरती की जाएगी. उल्लेखनीय है कि विशेष दिवस पर यहां पर बाबा बटेश्वर का विशेष श्रृंगार होता है.

# समय सागर महाराज से सांसद ने लिया आशीर्वाद

**निज संवाददाता**

**भोपाल, 11 जुलाई. आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ससंघ के मंगल विहार के दौरान श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा. मध्यप्रदेश में उनके मंगल प्रवेश के साथ ही शहर में भक्ति और उत्साह का माहौल बन गया.**

बैतूल के बाद भोपाल के मंगलवारा दिगंबर जैन समाज को प्रथम पड़गाहन, नवधा भक्ति और आहारदान का सौभाग्य प्राप्त हुआ. दूसरे दिन अशोका गार्डन दिगंबर जैन समाज ने भी नवधा भक्ति के साथ आचार्यश्री का पड़गाहन कर आहारदान किया. शहर में प्रतिदिन 6 से 7 चौके आचार्यश्री के मंगल विहार में शामिल हो रहे हैं.

इस दौरान भोपाल के सांसद आलोक शर्मा ने भी आचार्यश्री के चरणों में श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद लिया और वर्ष 2026 का चातुर्मास भोपाल में हो, यह कामना की. कार्यक्रम में दिगंबर जैन पंचायत कमेटी के अध्यक्ष पंकज जैन सुपारी, उद्योगपति सुनील जैन सहित कई लोग मौजूद रहे. सभी श्रद्धालुओं ने एक स्वर में चातुर्मास भोपाल में होने की मंगल कामना की. यह जानकारी भविष्य जैन ने दी.



### एक नजर में

## भोपाल टीम के लिए 60 तैराक उतरेंगे पूल में

**भोपाल, 11 जुलाई (खेल प्रतिनिधि).** भोपाल जिला मिनी ग्रुप (9-10 वर्ष) तैराकी प्रतियोगिता रविवार 12 जुलाई को सेज यूनिवर्सिटी के तरणताल में आयोजित होगी. सुबह 9 बजे शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता में जिले के 60 तैराक अपनी चुनौती पेश करेंगे. इस प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर भोपाल टीम का चयन किया जाएगा, जो 16 से 18 जुलाई तक इंदौर में होने वाली 54वीं मध्यप्रदेश राज्य सब जूनियर एवं मिनी ग्रुप तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी. भोपाल तैराकी संघ के अनुसार प्रतियोगिता में 25 तकनीकी अधिकारी भी मौजूद रहेंगे, जो विभिन्न स्पर्धाओं का संचालन करेंगे. प्रतियोगिता में फ्री स्टाइल, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बैक स्ट्रोक, बटरफ्लाई और इंडिविजुअल मेडले जैसी स्पर्धाएं होंगी. मुकाबले सुबह 9 बजे शुरू होंगे, खिलाड़ियों के लिए वार्म-अप का समय सुबह 8 से 8:45 बजे तक रखा गया है. जिला स्तर की इस प्रतियोगिता को राज्य चैंपियनशिप के लिए चयन का अहम मंच माना जा रहा है.



## 40 श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ के लिए रवाना

**भोपाल, 11 जुलाई.** बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए 40 श्रद्धालुओं का जत्था जय बाबा बर्फानी सेवा समिति, भोपाल के तत्वावधान में अमरनाथ के लिए रवाना हुआ. समिति के अध्यक्ष राकेश सोदे के नेतृत्व में रवाना हुए इस जत्थे में श्रद्धालुओं को पुष्पमाला पहनाकर और बाबा बर्फानी के जयकारों के साथ सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना कर विदा किया.

## राष्ट्रीय चैंपियन बनीं मप्र की प्रियांशी प्रजापत

**भोपाल, 11 जुलाई (खेल प्रतिनिधि).** हरियाणा के रोहतक में चल रही



अंडर-23 राष्ट्रीय सीनियर कुश्ती चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश की पूर्व अकादमी खिलाड़ी प्रियांशी प्रजापत ने महिला 50 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग का स्वर्ण पदक जीत लिया. 10 से 12 जुलाई तक आयोजित इस प्रतियोगिता में उन्होंने लगातार दमदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय खिताब अपने नाम किया. चैंपियनशिप में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक और मध्यप्रदेश समेत कई राज्यों के पहलवानों ने हिस्सा लिया. प्रियांशी पहले मध्यप्रदेश राज्य कुश्ती अकादमी से प्रशिक्षण ले चुकी हैं.

### नगर में आज

**नृत्यांजलि**
**समय**- शाम 6:30 बजे, **स्थान**- एलबीटी सभागार

**3 डी फ्रूट टेक्सचर आर्ट वर्कशॉप**
**समय**- सुबह 11 बजे, **स्थान** -बिट्टन मार्केट

**मोहम्मद हुसैन का स्टैंडअप शो**
**समय**- शाम 6 बजे, **स्थान**- भोपाल इवेंट क्लब

**सर्वेश दीक्षित का कॉमेडी शो**
**समय**- शाम 7 बजे, **स्थान**- रेलवे नर्मदा क्लब

**चित्रकला प्रदर्शनी का समापन**
**समय**- शाम 7 बजे, **स्थान**-रंगायन आर्ट गैलरी बावड़िया कला




# मैनिट में एक पेड़ मां के नाम रोपे 40 पौधे

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 11 जुलाई. पर्यावरण संरक्षण और परिसर को हरा-भरा बनाने के संकल्प के साथ शनिवार को मैनिट में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत तहत वृक्षारोपण किया गया. यह आयोजन मैनिट लेडीज क्लब, उपवनम और ग्रीन वेव फाउंडेशन के सहयोग से संपन्न हुआ.**

> ममता मिश्रा ने कहा कि पौधारोपण तभी सफल माना जाएगा, जब हर पौधे को बड़ा होने तक संभाला जाए. कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. अनुपमा शर्मा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य संस्थान को और अधिक हरा-भरा बनाने के साथ ही छात्राओं और समाज में पर्यावरण के प्रति स्थायी जागरूकता पैदा करना है. इस अवसर पर छात्रावास की मुख्य वार्डन डॉ. लक्ष्मी कुमरे, वार्डन डॉ. सुरभि मेहरोत्रा सहित बड़ी संख्या में छात्राएं और मैनिट परिवार के सदस्य मौजूद रहे.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मैनिट लेडीज क्लब की संरक्षिका सरिता शुक्ला और विशिष्ट अतिथि उपवनम व ग्रीन वेव फाउंडेशन की संस्थापक ममता मिश्रा उपस्थित रहीं. इस दौरान ग्रीन वेव फाउंडेशन और मैनिट लेडीज क्लब की 40 से अधिक महिलाओं ने मिलकर परिसर में कचनार, पारिजात, रुद्राक्ष, नीम, पीपल और बरगद जैसी विभिन्न प्रजातियों के 40 पौधे लगाए. सभी प्रतिभागियों ने इन पौधों को सुरक्षित रखने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प भी लिया. इस अवसर पर सरिता शुक्ला ने कहा कि एक पेड़ केवल पर्यावरण को ही नहीं सुधारता, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ भविष्य का आधार भी है. यह अभियान प्रकृति और माता दोनों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक बढ़िया माध्यम है.

# भोपाल को मिली सीबीएसई खेलों की जिम्मेदारी

**खेल प्रतिनिधि**

**भोपाल, 11 जुलाई. सीबीएसई खेल कैलेंडर 2026-27 में इस बार भोपाल को दो अहम स्कूल खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी मिली है. अगस्त में यहां क्लस्टर-12 एथलेटिक्स और बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता होगी.**

एथलेटिक्स मुकाबले 13 से 17 अगस्त तक होंगे, बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता 30 जुलाई से 2 अगस्त तक खेली जाएगी. इन प्रतियोगिताओं में मध्यप्रदेश समेत

**बालिका बास्केटबॉल स्पर्धा 30 जुलाई से 2 अगस्त तक होगी**

कई राज्यों के स्कूलों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे. कैलेंडर के मुताबिक एथलेटिक्स की बालिका स्पर्धा का आयोजन कोपल पब्लिक स्कूल और बालक वर्ग का आयोजन श्री भवन्स भारती पब्लिक स्कूल में होगा. वहीं बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल को सौंपी गई है. भोपाल के अलावा मध्यप्रदेश के दूसरे शहरों को भी कई प्रतियोगिताओं की जिम्मेदारी मिली है. इंदौर में बैडमिंटन, बालक बास्केटबॉल और बालक कबड्डी, विदिशा में फुटबॉल, देवास में बालिका कबड्डी, नीमच में बालक खो-खो, रायसेन में बालिका खो-खो, सीहोर में टेबल टेनिस, राजगढ़ में बालक वॉलीबॉल और उज्जैन में बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित होगी. सीबीएसई के खेल कैलेंडर के अनुसार सभी प्रतियोगिताएं जुलाई और अगस्त के दौरान तय कार्यक्रम के मुताबिक कराई जाएंगी.

## नामदेव समाज विकास परिषद की बैठक आज

**भोपाल, 11 जुलाई.** नामदेव समाज विकास परिषद की प्रथम प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार 12 जुलाई को भोपाल में होगी. परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शिवरतन नामदेव ने बताया कि बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नामदेव, प्रदेश महामंत्री सुभाष चंद्र वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष भीकम सिंह नामदेव सहित परिषद के सभी 202 प्रांतीय पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य सहभागिता करेंगे.

# आरएएफ सेक्टर ने जीता खिताब

**खेल प्रतिनिधि**

**भोपाल, 11 जुलाई. सेज यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित 107वीं आरएएफ इंटर-सेक्टर ट्रायथलॉन प्रतियोगिता में देश के अलग-अलग आरएएफ सेक्टरों के खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया.**

प्रतियोगिता में 60 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. स्विमिंग, साइक्लिंग और रनिंग की तीन स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने फिटनेस और सहनशक्ति की कड़ी परीक्षा दी. रिले वर्ग में आरएएफ सेक्टर ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि पुष्पलता बरे को बेस्ट फीमेल एथलीट और अभि अर्जुन को बेस्ट मेल एथलीट चुना गया. समापन समारोह में सीआरपीएफ की महानिरीक्षक नीतू भट्टाचार्य, 107वीं आरएएफ इंटर बटालियन के कमांडेंट जे.पी. बलाई और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनिल एम. बिसेन ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया.



# नाटक 'आरक्त क्षण' से बताई परिवार और रिश्तों की गहराई

**निज संवाददाता**

**भोपाल, 11 जुलाई.** शनिवार शाम रंग संस्था कारवां ने महेश एलकुंचवार के प्रसिद्ध नाटक 'आरक्त क्षण' का मंचन किया. निर्देशन मो. नजीर कुरैशी ने किया. कहानी में बाबुती, पद्मा और लीला के साथ एक पेइंग गेस्ट के बीच रिश्तों की जटिलता दिखाई गई है. परिवार का बेटा शशि शहीद हो चुका है. उसकी याद हर किरदार के भीतर अलग-अलग रूप में जिंदा है. पद्मा अपने अकेलेपन के बीच पेइंग गेस्ट में बेटे की छवि खोजती है, जिससे परिवार में तनाव बढ़ता है. नाटक में रिश्तों के टकराव, गलतफहमियों को बेहद संवेदनशील तरीके से प्रस्तुत किया गया. अंत में यह संदेश उभरकर सामने आता है कि मुश्किल समय में पति-पत्नी का साथ ही सबसे बड़ा सहारा होता है.

# स्वास्थ्य सेवाओं का महिलाओं पर केंद्रित होना है जरूरी

- एम्स की डॉ. नसीमा शफकत ने लिस्बन में प्रस्तुत किया शोध

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 11 जुलाई. पुर्तगाल के लिस्बन शहर में आयोजित 34वीं इंटरनेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ मिडवाइव्स ट्राइएनियल कांग्रेस 2026 में एम्स भोपाल के नर्सिंग कॉलेज की सहायक प्राध्यापक डॉ. नसीमा शफकत ने भारत का प्रतिनिधित्व किया.**

इस वैश्विक सम्मेलन में दुनिया भर के 3500 से अधिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों, नर्सों और नीति निर्माताओं ने हिस्सा लिया. जहां डॉ. शफकत ने सम्मेलन में मध्य भारत की महिलाओं की स्त्री रोग संबंधी जांचों से जुड़े अनुभवों, उनकी आशंकाओं और अपेक्षाओं पर आधारित एक महत्वपूर्ण शोध प्रस्तुत किया. उन्होंने शोध में बताया कि महिलाओं की बीमारी



की जांच के दौरान उनकी गरिमा, आपसी संवाद, सहमति और सांस्कृतिक संवेदनशीलता का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए. अंतरराष्ट्रीय स्तर के डॉक्टरों और शोधकर्ताओं ने इस अध्ययन को खूब सराहा और माना कि मरीज के बेहतर अनुभव के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का महिला केंद्रित होना बेहद जरूरी है.




राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस | अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रम में पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर ने कहा-

# राष्ट्र का भविष्य चरित्रवान हाथों में होता है सुरक्षित



**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 11 जुलाई. राष्ट्र का भविष्य जागरूक, चरित्रवान और उत्तरदायी विद्यार्थियों के हाथों में सुरक्षित होता है, यह कहना था पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर का. वह शनिवार को संकल्प छात्र सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे.**

यह आयोजन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य पर किया गया था. कार्यक्रम में विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व और नेतृत्व विकास के लिए संकल्पित होने का आह्वान किया गया. कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए अभाविप के उपाध्यक्ष डॉ. अमित सोनी ने परिषद के 7 दशक की यात्रा का उल्लेख किया.

वहीं मुख्य अतिथि श्रीधर ने विद्यार्थियों से ज्ञान, संस्कार और सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया. कार्यक्रम में अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रघुराज किशोर तिवारी ने कहा कि परिषद स्थापना काल से ही विद्यार्थी हित, शिक्षा सुधार और राष्ट्र पुनर्निर्माण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है. परिषद का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक संवेदनशीलता और राष्ट्रीय चेतना का विकास करना है.

उन्होंने कहा कि छात्र समुदाय अपने ज्ञान, क्षमता और ऊर्जा का उपयोग केवल व्यक्तिंगत उन्नति तक सीमित न रखें. बल्कि समाज और राष्ट्र के हित में उसका उपयोग करें.

